नरवाई की आग से ट्रेक्टर-ट्राली में लगी आग

शादी में गया था पूरा परिवार, आगजनी में पाइप सहित भूसा भी जला

नवभारत

बहादुरपुर। क्षेत्र के गीलारोपा और ओंडेर गांव के सैकड़ों बीघा खेतों में मंगलवार दोपहर नरवाई ने आग पकड़ ली। यह आग इस तरह फैली कि खेतों में बने मकान इसकी जद में आ गए। इन्हीं में से एक माधो सिंह के मकान में भी आग लग गई। घटना के वक्त माधो सिंह गांव में एक शादी समारोह में परिवार सहित गए हुए थे। उनके खेत पर कर्मचारी मर्दन सिंह अकेले थे। इस दौरान आई आग की लपटों ने दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक स्ट्रा रीपर को घेर लिया। आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू पाया जाता तब तक ट्रैक्टर ट्रालियों के टायर जल चुके थे। इसी तरह नवल सिंह के मकान में भी आग लग गई, जिससे चार ट्रॉली भूसा और एक दर्जन से अधिक पाइप जल गए। इस आग से कई किसानों के टपरे, बिजली की केबिल भी जल गई हैं। हल्का पटवारी रामकुमार यादव ने

बताया कि आगजनी की सूचना मिली है। बुधवार को पंचनामा बनाया जाएगा।

भूसा का टाल जला, दमकल में पानी खत्म: बुधवार दोपहर एक भूसा के टाल ने भी आग पकड़ ली। भूसा व्यापारी शालू मोदी ने बताया करीब ढाई सौ क्विंटल गेहूं के भूसा का टाल था, जिसमें से सौ क्विंटल भूसा जल गया है। इस आग को बुझाने आई मुंगावली नगर परिषद की दमकल का पानी महज पांच मिनट में ही खत्म हो गया।

लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी

उपभोक्ता ने सर्विस लाइन को बनाया निशान

55 कनेक्शन जांचे 28 में चोरी पकड़ी

नवभारत न्यूज

बहादुरपुर। कस्बे में बुधवार को बिजली कंपनी की तीन टीमों ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए जांच अभियान चलाया। इस दौरान 5-6 घंटे में 55 कनेक्शनों की जांच की गई। जांच में 28 कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई है।

उपभोक्ता कहीं सर्विस लाइन में कट लगाकर तो कहीं मीटर बंद कर सीधे खंभे से तार डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। टीम सबसे पहले नया बाजार में पहुंची थी, जैसे ही एक दुकान पर चोरी

पकड़ी तो बिजली चोरी कर रहे अन्य दुकानदारों ने अपने तार उतार लिए। इसके बाद जांच टीम रहवासी क्षेत्र में चली गई, जहां धीरे धीरे कर कई कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई। जांच टीमों का नेतृत्व डीजीएम विपिन श्रीवास्तव कर रहे थे। स्थानीय वितरण केंद्र प्रभारी बाबू जी मंडेलिया ने बताया कि कुल 55 कनेक्शनों की जांच में 28 चोरी पकड़ी गई हैं, सभी के प्रकरण बना लिए गए हैं। गुरुवार तक जुर्माना अधिरोपित कर दिया जाएगा।

कलेक्टर ने आवेदक को सौंपी खसरा एवं आदेश

अशोकनगर। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष ग्राम रांवसर निवासी विकास अहिरवार द्वारा जनसुनवाई में प्लाट के नामांतरण आदेश को अमल कराये जाने हेतु आवेदन दिया गया था। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी को कार्यवाही हेतु मौके पर निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में तहसील अशोकनगर के तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा नामांतरण आदेश को अमल कराये जाने की कार्यवाही की गई। आवेदन के निराकरण होने के पश्चात बुधवार को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा आवेदक को नामांतरण आदेश की प्रति एवं खसरे की नकल प्रदाय की गई। समस्या का निराकरण होने पर आवेदक ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

एक नजर में

पॉलिटेक्निक कॉलेज को मिली बाउंड्रीवाल व स्टाफ क्वार्टर निर्माण स्वीकृत

अशोकनगर। जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय को बड़ी सौगात मिली है। संसदीय क्षेत्र अंतर्गत महाविद्यालय में 124.00 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण तथा 99.95 लाख की लागत से 4 यूनिट टाइप स्टाफ क्वार्टर निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार का भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह कार्य संभव हो सका। पूर्व विधायक जज्जी ने कहा कि इस निर्माण कार्य से महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और स्टाफ के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध होने से शिक्षण व्यवस्था और बेहतर होगी। यह कदम क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

दो घंटे में नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

अशोकनगर। कदवाया पुलिस द्वारा मात्र दो घंटे में एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार 21 अप्रेल को 16 वर्षीय नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते के फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर बालिका को अन्य थाना क्षेत्र से महज 2 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बालिका द्वारा ग्राम सकर्रा निवासी करन आदिवासी द्वारा साथ ले जाने की जानकारी दी गई।

कलेक्टर का स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर जोर

कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित, दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, शिशु मातृत्व देखरेख, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देशित किया कि जिले में शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को आसानी से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित

सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें। वहीं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने और सभी आवश्यक जांचे पूर्ण कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया। एएनसी माताओं की ट्रेकिंग कर उनकी जांचे अनमोल पोर्टल पर दर्ज किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं के चार एनएनसी चेकअप अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल की विस्तार से समीक्षा की। निक्षय पोषण बास्केट वितरण हेतु लक्ष्यनिर्धारित कर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित एनआरसी में लक्ष्य के अनुरूप बच्चों को भर्ती कराये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में वंदना योजना, सिकल सेल, फैमिली प्लानिंग, टीवी स्क्रीनिंग, एसएनसीयू से सफलता पूर्वक डिस्चार्ज की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ.भूपेन्द्र शिखावत सहित महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस की मुस्तैदी से टली एटीएम में चोरी की वारदात

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिस की मुस्तैदी के चलते शहर के एक एटीएम में चोरी होने वाली घटना डल गई। तो वहीं चोरी की बारदात में एटीएम रूप में घूसा बंदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकला, जिसकी पुलिस द्वारा छानबीन की जा रहीं है।

दरअसल 21 अप्रेल की रात्रि लगभग 01.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि पछाड़ी खेड़ा क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा संदिग्ध गतिविधि करते हुए एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल थाना कोतवाली की सिटी मोबाइल एवं पुलिस गश्त प्वाइंट को सूचित किया गया। सूचना प्राप्त होते ही सिटी मोबाइल एवं पछाड़ी खेड़ा प्वाइंट पर तैनात पुलिस बल द्वारा बिना विलंब किए तत्परता एवं सजगता के साथ मौके के लिए रवाना हुए। पुलिस बल पछाड़ी खेड़ा क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम के पास पहुंचकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति एटीएम के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, जो पुलिस को देखते ही अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा तत्काल आसपास के क्षेत्र में चैकिंग की गई, किन्तु आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आरोपी द्वारा एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के कारण विफल कर दिया गया। पुलिस की सक्रियता से सेंट्रल बैंक के एटीएम में चोरी की घटना समय रहते टल गई।

गाड़ी बंद होने के विरोध में उठाई आवाज

वैकल्पिक संचालन की मांग को लेकर लिखा पत्र

बंद है जोधपुर-भोपाल-जोधपुर गाड़ी

नवभारत न्यूज

शाढौरा। भोपाल। क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को लेकर यात्री सेवा संगठन के अध्यक्ष एवं XZRCC मेंबर सुनील आचार्य ने जोधपुर-भोपाल-जोधपुर (गाड़ी संख्या 14813/14) ट्रेन को बंद किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने रेल मंत्री एवं पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। सुनील आचार्य ने बताया कि यह ट्रेन कोटा, बारां, अटरू, शालपुरा, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, मुंगावली और बीना जैसे कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरती है, जिससे सैकड़ों गांवों और कस्बों के हजारों यात्रियों को

सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन क्षेत्र के लिए जीवन रेखा के समान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयपुर के पास कनकपुर स्टेशन पर रेल कार्य के चलते मई माह से इस ट्रेन को बंद करने की योजना बनाई जा रही है। इस पर चिंता जताते हुए आचार्य ने कहा कि इससे छात्रों, मजदूरों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि कोटा-बारां-अटरू-रुठियाई क्षेत्र के लिए यह 24 घंटे में एकमात्र ट्रेन है, जबकि गुना से भोपाल के बीच भी यह एक प्रमुख साधन है। ऐसे में ट्रेन का संचालन बंद करना जनहित के विपरीत होगा। आचार्य ने सुझाव दिया कि ट्रेन को पूरी तरह बंद करने के बजाय, कार्य अवधि के दौरान इसे जयपुर-भोपाल के बीच चलाया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और रेलवे को भी राजस्व नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने रेल प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है, ताकि आम जनता की परेशानियों को कम किया जा सके।

पटरियों के बीच लगा जाम, वाहनों को देख रुकी ट्रेन

शाढ़ौरा। मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब सामने से आती ट्रेन और रेलबे ट्रैक पर ट्राफिक जाम, यात्रियों एवं वाहन चालकों के छूटा पसीना सुबह 11.30 बजे नईसराय शाढ़ौरा मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी गुजरने के बाद जब रेलबे गेट खोला गया और वाहनों का आवागमन चालू हो गया, अधिक बाहन होने कारण धीरे-धीरे वाहनो का जाना आना हो रहा था की इतने मै ही 5 मिनिट बाद देखते ही देखते रेलवे ट्रैक का सायरन हूटर फाटक बंद होने के लिए पुन: बजता रहा, मगर वाहनों के निकलने का क्रम जारी रहा पटरियों पर जाम के हालात बने रहे। वहीं राहगीरों को पसीना उस बक्त आ गया जब बीच ट्रैक पर गाड़िया, ट्रैक पर बजता सायरन और अशोकनगर की ओर से आती ट्रेन का इंजन दिखाई देने लगा मगर रेल्वे फाटक से आवागमन चलता रहा। फाटक न लगने एवं सिंगल न मिलने से अशोकनगर की ओर से आ रही ट्रेन को ड्रायवर ने फाटक से 400 मीटर दूर रोक दिया।

राजपत्रित अधिकारियों ने रात्रि में विभिन्न थानों का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान देखी थाने की व्यवस्थाएं

थानों में पहुंचे चंदेरी और मुंगावली एसडीओपी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। राजपत्रित अधिकारियों द्वारा किया गया थानों का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजाज्ञ

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को समय-समय पर थाना स्तर पर आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि थानों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में विगत दिनों एसडीओपी चंदेरी एवं मुंगावली द्वारा विभिन्न थानों का निरीक्षण किया। जहां उन्हांने थाना परिसर, ड्यूटी व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली



का गहन परीक्षण किया गया। थाना के महत्वपूर्ण अभिलेखों जैसे अपराध रजिस्टर, दैनिक डायरी, आगंतुक रजिस्टर एवं वारंट तामील रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उन्होंने लंबित अपराधों एवं शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विवेचना अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान रात्रि गश्त व्यवस्था, बीट प्रणाली एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान पुलिस बल पूर्ण सतर्कता के साथ क्षेत्र में भ्रमण करे तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, शस्त्रों के रख-रखाव एवं हवालात की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेख अद्यतन रखने, शिकायतकर्ताओं से संवेदनशील व्यवहार करने तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण 14 एवं 15 अप्रेल की मध्यरात्रि, 15 एवं 16 अप्रेल की मध्यरात्रि, में एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान द्वारा थाना मुंगावली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, साथ ही 17 एवं 18 की मध्यरात्रि में एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा द्वारा थाना चन्देरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वहीं 18 एवं 19 अप्रेल की मध्यरात्रि में एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान द्वारा थाना सेहराई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं दिनांक 21 एवं 22 की मध्यरात्रि में एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा द्वारा थाना कदवाया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम **निर्णायक मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने नामकरण की घोषणा की**

नगर का श्री चंद्र प्रभु जिनालय हुआ णमोदय तीर्थ क्षेत्र

नवभारत न्यूज

मुंगावली। नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय को अभी तक इस नाम से जाना जाता था मगर अब इसे क्षेत्र के रूप में एक नई पहचान मिली है,जिसकी घोषणा तीर्थ चक्रवती निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने शांतिनाथ भगवान के तिलक दान के उपरांत की गई, 15 फिट की शांतिनाथ भगवान की पाषाण प्रतिमा को विराजमान किया गया, यह सारी क्रियाएं अशोक नगर के सुयश प्रदीप भैया द्वारा कराई गई, बुधवार की सुबह नगर के समस्त जैन समाज के लिए एक बहुत बड़ी सुबह बनकर आई जब प्रात:काल की

बेला में निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज संसघ के परम सानिध्य में तिलक दान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मुनिश्री के मुखारबिंद से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाएं संपन्न हुई। इसके बाद शांतिनाथ भगवान का गगन विहार हुआ और मूल आसान पर विराजमान हुए और तिलक दान कर्ता परिवार द्वारा सारी क्रियाएं की गई, इस आयोजन में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु शामिल हुए।

मुंगावली से हुआ चातुर्मास का मंगला चरण - मुनिश्री सुधा सागर महाराज

मुंगावली वह जगह है जहां मेरे चातुर्मास का मंगला चरण हुआ था, और यही से जिज्ञासा समाधान के आयोजन की शुरुआत भी यही से हुई थी, और आपके यहां जो यात्री आते है वह कभी इसलिए नहीं आते कि आपके यहां से इतने मुनि और आर्यिका, ब्रह्मचारी दीदी और भैया जी हुए, या फिर इसलिए भी आते कि आपके यहां मेरा चातुर्मास या मुनि के रूप में प्रथम बार हम आए, ना कोई यात्री ये कहता है कि हम मुंगावली जा रहे है तो कोई धार्मिक बजह है, मगर अब आज से कोई भी यात्री आएगा तो वह यह बोलते हुए आयेंगे कि हम णमोदय तीर्थ क्षेत्र के दर्शन के लिए आए है, यह होती है उपलब्धि ऐसा और आज यह हुआ कि मेरा पहला चातुर्मास जिस स्थान पर हुआ वहां इतना बड़ा क्षेत्र बन गया, यह बड़ी बात है जिस दिन पंच कल्याणक होगा, उस दिन के बाद आप सभी देखना उस प्रतिमा का चमत्कार, आप पर कभी कोई बड़ा संकट आए बस यहां आकर अर्जी लगा देना फिर आपके कष्ट दूर करने की जिम्मेदारी उनकी होगा और वह बड़ा संकट भी टल जाएगा।

पक्षियों की प्यास बुझाने पेड़ों पर टांगे सकोरे

नवभारत न्यूज

चंदेरी। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों को राहत देने के लिए जागेश्वरी माता मंदिर के महंत जुगल किशोर दास महाराज के निर्देश पर बुधवार को चंदेरी पत्रकार संघ के सदस्यों द्वारा तहसील कार्यालय में पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे बांधकर उनमें पानी भरने की व्यवस्था की। गर्मी में जल स्रोत सूखने के कारण पक्षियों को प्यास से बचाने के लिए उन्हें छत या बालकनी में पानी उपलब्ध कराना। यह मुहिम पेड़ों और छतों पर पानी रखकर पक्षियों के लिए जलस्रोत सुनिश्चित करने का एक नेक प्रयास है। वहीं तहसील कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे इन सकोरों में नियमित रूप से पानी भरेंगे। अभियान का उद्देश्य जल स्रोत सूखने के कारण बेजुबान पक्षियों को होने वाली परेशानी को दूर करना है।

तहसीलदार ने बताया नैतिक कर्तव्य: इस अवसर पर उपस्थित तहसीलदार दिलीप दरोगा ने पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी प्राणियों की सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। गर्मी में पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करना सच्ची मानवता है और समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके अलावा जागेश्वरी मंदिर के महंत जुगल किशोर दास महाराज और पत्रकार संघ के सभी सदस्यों ने नागरिकों से भी इस मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अपने घरों की छतों और बालकनी में पक्षियों के लिए पानी के पात्र रखने की अपील की। इस मौके पर पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय,सौरभ जैन,रवि सुमन, शैलेश चौबे, दिनेश प्रजापति, संदीप श्रीवास्तव सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।